## खबर संक्षेप

### गुदगुदी जंक्शन द्वारा श्रीहरिनाम संकीर्तन कल

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह के धार्मिक ग्रुप भक्ति सागर के तत्वावधान में श्री हरिनाम संकीर्तन 4 जनवरी को होगा। भक्ति सागर प्रभारी शम्मी गेरा ने बताया कि नववर्ष 2026 के कार्यक्रमों का शुभारंभ जनवरी माह से भजन कीर्तन द्वारा किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में श्रीराष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद्,(उत्तर भारत)के उपाध्यक्ष महंत विशाल दास महाराज के सान्निध्य में दर्रा खेड़ा थानेसर स्थित ठाकुरद्वारा श्रीनाभिकमल मंदिर में श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन रविवार,4 जनवरी को सांय 4 से 6 बजे तक किया जाएगा।

### छात्रों को समाज सेवा के लिए किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरूक्षेत्र में आयोजित एन एस एस शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत प्रातःकालीन योगासन एवं प्रार्थना के साथ की गई। विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन, उत्साह एवं एकाग्रता के साथ योगाभ्यास कर स्वयं को दिनभर की गतिविधियों के लिए मानसिक एवं शारीरिक रूप से तैयार किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूर्व छात्र एवं एनएसएस वालंटियर वंश जेसवाल एवं युवराज थे। वंश जेसवाल ने विद्यार्थियों को गायत्री मंत्र के अर्थ से अपनी बात की शुरूआत की।

### नशा तस्करी में फरार आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के मामले के फारार चल रहे आरोपी मंजीत सिंह उर्फ सोनी वासी कराह साहब जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 29 जुलाई को अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम 152-डी पर पेहवा कुरुक्षेत्र रोड पर नाकाबंदी करके तीन गाड़ियों को काबू किया था। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से करीब 30 लाख रुपए कीमत का 5 किवंटल 44 किलोग्राम डोडा/चूरापोस्त बरामद हआ था। आरोपियों की पहचान देवेन्द्र सिंह उर्फ बाबा वासी कांगथला जिला पटियाला,मनजोत सिंह उर्फ मन्ना वासी मखभूलपुर जिला पटियाला, देवेन्द्र सिंह उर्फ बंटी वासी पटियाला व परगट सिंह उर्फ मन्नी वासी कुपिया प्लाट पेहवा के रूप में हुई थी।

### सिर कटे दिव्यांग के शव की नहीं हुई शिनाख्त

**कुरुक्षेत्र।** केशव पार्क से बरामद सिर कटे दिव्यांग के शव की पहचान नहीं हो सकी है। इस ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को ट्रैस करने के लिए पुलिस की 7 टीम लगी हैं। ये सभी टीम अलग-अलग काम कर रही हैं। पार्क में स्टेज के पीछे पड़े सिर कटे शव को सबसे पहले प्रभजोत सिंह निवासी कल्याणा ने देखा। प्रभजोत पार्क के साथ ही गुरुद्वारा छठी पातशाही कुरुक्षेत्र में रागी सिंह की नौकरी करते हैं। प्रभजोत सिंह 30 दिसंबर सुबह करीब 8 बजे गुरुद्वारा साहिब में अपनी ड्यूटी करने के बाद पार्क में टहल रहे थे। इस दौरान स्टेज के पीछे उनको डैड बॉडी दिखाई दी, जिसका सिर उसके धड़ से गायब था। बॉडी खून से लथपथ पड़ी थी। उन्होंने तुरंत डायल-112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उनके बयान पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को घटनास्थल के पास से खून से सना चाकू भी बरामद हुआ है।

### इलेक्ट्रिक बसों का निर्धारित किया रूट

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के महाप्रबंधक शेर सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए पिपली व ज्योतिसर के लिए शेड्यूल और समय सारणी निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार पिपली व ज्योतिसर से 4 समय पर इलैक्ट्रिक्स बसों का संचालन करवाया जाना है। इसमें पिपली से नया बस स्टैंड, जिला सचिवालय, सुंदरपुरपुल, ब्रह्मसरोवर द्वितीय द्वार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तृतीय द्वार और ज्योतिसर तक बस का रूट रहेगा। ज्योतिसर से यूनिवर्सिटी तृतीय द्वार, द्वितीय द्वार, ब्रह्मसरोवर, सुंदरपुर पुल,जिला सचिवालय, नया बस स्टैंड और पिपली का रूट रहेगा। इन बसों की समय सारणी पिपली से सुबह 8 बजकर 15 मिनट से शुरू होगी।

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**कुरुक्षेत्र के सम्मेलन में तय होगी रणनीति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। विरोध प्रदर्शन करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक नीलोखेड़ी इकाई की एक विशेष बैठक शुक्रवार को गोल मार्केट पार्क में संपन्न हुई। खंड प्रधान हरपाल सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों पर हो रहे कथित कुठाराघात को लेकर गहरा रोष प्रकट किया गया। बैठक का संचालन खंड सचिव बाबूराम ने किया, जिसमें खंड के दर्जनों वरिष्ठ सदस्यों ने हिस्सा लेकर संगठन की आगामी रणनीति पर विचार साझा किए।

### वित्त विधेयक को लेकर भारी नाराजगी

बैठक को संबोधित करते हुए हरपाल सिंह राणा, बलराज सिंह और कुलबीर सिंह ने सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वित्त विधेयक के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के आर्थिक अधिकारों को सीमित करने की कोशिश की जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन और सरकार की ओर से पूर्व में मानी गई मांगों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, जिससे प्रदेश भर के लाखों बुजुर्ग कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना है।

### संगठन की मजबूती पर जोर

*इस अवसर पर जय सिंह, लिछमण दास, मुल्खराज, रामकुमार वर्मा, रामानंद और सुरेंद्र पाल ने एकजुटता का आह्वान किया। बैठक में ओमप्रकाश किंगर, रमेश फूले, अवतार सिंह, सोमनाथ शर्मा, महेंद्र सिंह, रामकिशन, लेखराज, भीमसिंह, देशराज, शकूर अहमद, रणबीर सिंह और बनारसी दास मौजूद रहे।*

### कुरुक्षेत्र में जुटेंगे देशभर के प्रतिनिधि

बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की गई कि आगामी 22 व 23 फरवरी 2026 को कुरुक्षेत्र की सैनी धर्मशाला में एक विशाल राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस द्विवसीय सम्मेलन में हरियाणा ही नहीं, बल्कि देशभर के सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। नेताओं ने कहा कि यह सम्मेलन सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ निर्णायक साबित होगा।

# प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वालों पर निगम सख्त, 115 बकायादारों को नोटिस

**शुरू होगी अटैचमेंट और सीलिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल ने बकाया संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) की वसूली को लेकर अपना रुख कड़ा कर लिया है। निगम ने दिसंबर माह में 115 बड़े बकायादारों को अंतिम नोटिस जारी कर दिए हैं। यदि ये बकायादार समय पर टैक्स अदा नहीं करते हैं, तो जनवरी माह में ही इनकी संपत्तियों को अटैच (कुर्क) करने और सीलिंग की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### 10 लाख से ऊपर बकाया

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि नोटिस प्राप्त करने वालों में सभी निजी वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं। इनमें से करीब 50 बकायादार ऐसे हैं जिन पर 10 लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया है। शेष पर 50 हजार से 10 लाख रुपये तक की देनदारी है। उन्होंने बताया कि ये संपत्तियां शहर के विभिन्न क्षेत्रों सहित सैनी कॉलोनी, सेक्टर-13 एक्सटेंशन, सेक्टर-37 और सेक्टर-9 में स्थित हैं।

**आंकड़ों पर नजर**

कुल जमा टैक्स : 20 करोड़ 35 लाख रुपये (अब तक)
प्रॉपर्टी टैक्स: 19 करोड़ 13 लाख रुपये
फायर टैक्स: 1 करोड़ 22 लाख रुपये

### हल्के में न लें नोटिस, वसूला जाएगा 18% ब्याज

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि दिसंबर में भी दो बार सीलिंग की कार्रवाई की गई है, इसलिए बकायादार इसे हल्के में न लें। वित्त वर्ष 2025-26 में टैक्स जमा न करने पर 18 प्रतिशत की दर से ब्याज भी देना होगा। नागरिक एनडीसी पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन टैक्स भर सकते हैं और किसी भी त्रुटि के लिए आपत्ति भी दर्ज करा सकते हैं।

### ठंड से घरों में दुबकने को मजबूर हुए लोग

**कुरुक्षेत्र।** ठंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। से दुकानदार भी मायूस नजर आए। कोहरे के कारण कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को ठंड में परेशानी का सामना करना पड़ा। बफीली ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। ठंड बढ़ने से तापमान भी नीचे लुढ़क चुका है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सर्दी का सबसे अधिक असर छोटे बच्चों व बुजुर्गों पर पड़ रहा है। सर्दी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे है लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं।

## न्यूज डायरी

### स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया

**घरौंडा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरौंडा में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना एनएनएस शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन और आग से बचाव का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रजीत कालिया व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह ने अतिथियों का स्वागत करके की। प्रशिक्षण सत्र के दौरान दमकल विभाग की टीम ने स्वयंसेवकों को आग लगने के विभिन्न कारणों और उनसे निपटने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। विशेषज्ञों ने बताया कि घर, स्कूल या सार्वजनिक स्थानों पर आग लगने की स्थिति में घबराने की बजाय धैर्य और सूझबूझ से काम लेना चाहिए। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने खुद अग्निशामक यंत्रों को चलाकर आग बुझाने का अभ्यास किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि एनएसएस शिविर का उद्देश्य केवल समाज सेवा ही नहीं, बल्कि छात्रों को जीवन रक्षक कौशल सिखाना भी है। आज का यह प्रशिक्षण भविष्य में किसी भी दुर्घटना को रोकने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस अधिकारी कुलदीप सिंह ने दमकल विभाग की टीम का धन्यवाद किया। इस दौरान एनएसएस के 50 स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर युवा हो रहे ठगी का शिकार

**करनाल।** देश के युवाओं में डॉलर कमाने और विदेश जाकर बसने का क्रेज अब उनके लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है। बारहवीं पास करते ही विदेश जाने का सपना देखने वाले युवाओं की मजबूरी का फायदा उठाकर 'सपनों के सौदागर' यानी तथाकथित इमीग्रेशन एजेंट उन्हें अपना शिकार बना रहे हैं। आलम यह है कि हरियाणा और पंजाब में वीजा माफिया इस कदर सक्रिय है कि हर दिन ठगी के दर्जनों मामले सामने आ रहे हैं। जागरूकता के अभाव में अभिभावक अपनी जमीन बेचकर और घर गिरवी रखकर लाखों रुपये इन फर्जी एजेंटों को सौंप रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि पूरे हरियाणा में विदेश मंत्रालय से पंजीकृत एजेंटों की संख्या महज 18 है, जबकि अकेले करनाल में केवल 2 ही एजेंट अधिकृत हैं। इसके बावजूद शहर के हर कोने में इमीग्रेशन की दुकानें खुली हुई हैं। ये फर्जी एजेंट न केवल युवाओं का पैसा हड़प रहे हैं, बल्कि 'डंकी वीजा' जैसे गलत रास्तों से उन्हें विदेश भेजकर उनकी जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। पिछले महीने ही अमेरिका ने ऐसे सैकड़ों युवाओं को डिपोर्ट किया है, वहीं कनाडा और ऑस्ट्रेलिया भी सख्त कदम उठा रहे हैं। कनाडा सरकार के पंजीकृत सलाहकार अरविंद कादियान ने बताया कि जिस तरह डॉक्टर या वकील बनने के लिए विशेष पढ़ाई जरूरी है, उसी तरह इमीग्रेशन सलाहकार के लिए भी संबंधित देश की परीक्षा पास करना अनिवार्य है।

### अयोध्या के युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**करनाल।** हरियाणा के करनाल स्थित शिवाजी कॉलोनी की गली नंबर एक में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ रहने वाले 23 वर्षीय युवक शिवनाथ (उर्फ सुनाती) ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अयोध्या का रहने वाला था और यहाँ अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था। घटना के समय युवक घर पर पूरी तरह अकेला था। शिवनाथ की मां और उसके दो भाई फिलहाल अपने पैतृक गांव अयोध्या गए हुए हैं। शुक्रवार को जब मां ने शिवनाथ को कई बार फोन किया और उसने कॉल रिसीव नहीं की, तो मां ने घबराकर पड़ोस में रहने वाली सपना को घर जाकर देखने को कहा। जैसे ही सपना कमरे के भीतर पहुँची, तो शिवनाथ को चुन्नी के सहारे फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

# आंगनवाड़ी केंद्र में चोरी करने वाले दो नशेड़ी काबू

- इंद्री पुलिस ने आरोपियों से नगदी बरामद, नशे की लत पूरी करने के लिए की थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

थाना इंद्री पुलिस ने आंगनवाड़ी केंद्र में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान जसबीर पुत्र मोहनलाल और रजत पुत्र कर्म सिंह, निवासी गांव बीबीपुर जाटान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### क्या था मामला?

शिकायतकर्ता ने 30 दिसंबर 2025 को पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि अज्ञात व्यक्तियों ने रात्रि के समय आंगनवाड़ी केंद्र के कमरे से राशन और गैस सिलेंडर चोरी कर लिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में मुख्य सिपाही जितेंद्र कुमार की टीम ने जांच शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी इसी लत को पूरा करने के लिए छोटी-बड़ी चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुछ नगदी भी बरामद की है।

# गांव केवल भौगोलिक इकाई नहीं हमारी संस्कृति और आत्मा का केंद्र

**'मेरा गांव–मेरी धरोहर' प्रशिक्षण कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी



हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि गांव केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं हैं, बल्कि वे हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और आत्मा का केंद्र हैं। डॉ. चौहान संस्थान में आयोजित 'मेरा गांव–मेरी धरोहर' विषय पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए ग्राम सचिवों को संबोधित कर रहे थे।

### सांस्कृतिक संरक्षण के साथ हो विकास : चौहान

डॉ. चौहान ने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों को मात्र एक नौकरी न समझें, बल्कि गांव के प्रति सेवा-भाव से कार्य करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्राम सचिव शासन और गांव के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाते हैं। यदि वे गांव की ऐतिहासिक विरासत और सामाजिक मूल्यों को समझकर कार्य करेंगे, तो विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाएं तभी सफल होती हैं जब उन्हें फाइलों से निकालकर मन से जमीन पर उतारा जाए। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गांवों की ऐतिहासिक धरोहर, लोक संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील मेहता, साक्षी, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान से गुरबिंदर सिंह, प्रोग्रामर हिमांशु सहित ग्राम सचिव भगत सिंह और साहिल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### बरसाना की प्रसिद्ध गोशाला में लगाए जाएंगे चार हजार पौधे

**इंद्री।** एसोसिएशन फॉर सोशल हेल्थ इन इंडिया की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विभा तनुजा व सामाजिक कार्यकर्ता मैकेनिकल इंजीनियर चंद्र मोहन ने डीएसपी कार्यालय इंद्री के परिसर में पौधशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जरूरत मंद बच्चों की समस्याओं पर चर्चा करके चिन्हित किए गए दो बच्चों को तत्काल राहत के तौर पर पांच हजार रुपए दिए। डीएसपी सतीश गौतम ने बताया कि विभिन्न संस्थाओं के लोगों का फूलों की पौध प्राप्त करने के लिए परिसर में आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने बताया कि अब इस जगह पर लोगों का मन लगने लगा है, विभिन्न प्रकार के लगाए गए फूलों की पौध के पुष्प लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। परिसर की कायाकल्प होने के बाद अभी यह जगह लोगों को प्रेरणा देने का काम कर रही है।



इंद्री के डीएसपी कार्यालय मे उपस्थित डीएसपी सतीश गौतम व अन्य ।

एसोसिएशन फॉर सोशल हेल्थ इन इंडिया की अध्यक्ष डॉक्टर विभा तनेजा ने बताया कि पंचकूला से बरसाना जाते हुए उन्होंने पौधशाला से लगभग विभिन्न प्रकार के फूलों की चार हजार के करीब पौधे प्राप्त किए, जो बरसाना की प्रसिद्ध गौशाला में लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनके संस्था लगातार विभिन्न कारणों से पढ़ाई से वंचित बच्चों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और समाज में हरियाली बढ़ाने के प्रति भी चेतना पैदा कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने बग्गा व मुस्कान को उनकी दैनिक जरूरत के लिए पांच हजार रुपए दिए और उन्हें पढ़ने लिखने के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर पर्यावरण मित्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर महिंद्र कुमार स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चों की सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक समस्याओं पर चर्चा की।

### श्रीमद् भागवत कथा में बंसी वाले का जन्मदिन मनाया

**तरावड़ी।** गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड तरावड़ी की ओर से गुजरात के द्वारकाधीश में करवाई जा रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन बाबा बंसी वाले का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान गोयल परिवार की ओर से केक काट गया तथा इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक जतिन अग्रवाल ने सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। वहीं अंतिम दिन यजमान विनोद गोयल, विजय गोयल, कृष्ण गोयल, रजनी गोयल, सीमा गोयल, मुनीश गोयल, विपुल गोयल, अंकुल गोयल ने संकल्प और दीप प्रज्वलित कर कथा का शुभारंभ किया किया कथा के अंत में आरती कर सभी धन्यवाद किया। प्रवचन करते हुए विश्व प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य रजनीश ने कथा का रसपान कराते हुए कहा भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण का माध्यम है। उन्होंने बताया कि भगवान की विशेष कृपा से ही मनुष्य को भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। यह कथा मन को शुद्ध करती है, अहंकार का नाश करती है और जीवन को धर्म, भक्ति एवं सदाचार के मार्ग पर ले जाती है। आचार्य रजनीश ने कहा कि कलियुग में भागवत कथा भक्ति का सरल और प्रभावी साधन है, जिससे व्यक्ति अपने दुःख, मोह और विकारों से मुक्त हो सकता है। कथा श्रवण से भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम बढ़ता है और जीवन में शांति, संतोष तथा सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास होता है। उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि वे कथा के संदेशों को अपने जीवन में अपनाएं और मानव कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ें। कथा के अंतिम दिन उद्योगपति विनोद गोयल एवं विजय गोयल ने सभी का धन्यवाद किया तथा कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य आपसी सौहार्द एवं भाईचारे व धार्मिक भावना को बढ़ाना है। इस मौके पर पंकज गुप्ता, रमेश सचदेवा, विपिन छाबड़ा, बालकिशन त्रिपाठी, सुशील जैन, देवेन्द्र सिंगला, संजय सिंगला, नरेश गर्ग, अशोक गोयल, अजय गोयल, अनिल सिंगला, बृज गुप्ता, अमन शर्मा, सुभाष गोयल, नपा अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, ओमप्रकाश कालरा, योगेश मिड्डा, रणजीत भारद्वाज, पंडित शुभम शास्त्री के अलावा सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### पीजीआई रोहतक के अनुबंध कर्मियों का प्रदर्शन



कुरुक्षेत्र। हाथों में बेड़ियां डालकर प्रदर्शन करते रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**कुरुक्षेत्र।** पिछले सात महीने से हड़ताल पर चल रहे रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारियों ने शुक्रवार को हाथों में बेड़ियां डालकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। रोहतक पीजीआई के वीसी के पुतले को लेकर थीम पार्क से नारेबाजी करते हुए निकले कर्मचारियों ने सरकार द्वारा अनदेखी किए जाने पर भारी रोष व्यक्त किया। कड़ाके की ठंड में कर्मचारियों को अर्धनग्न देख राहगीर भी हैरानी में पड़ गए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोड़े जाने की मांग को लेकर कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन के बैनर तले 1271 कर्मचारी जून महीने से हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर लघु सचिवालय तक पैदल रोष मार्च निकाला। कर्मचारियों ने हाथों में बेड़िया डाली हुई थी, कर्मचारियों का कहना है कि वे गुलामी का जीवन जी रहे है। कहा कि अधिकारियों ने उन्हें गुमराह करने का काम किया है। लघु सचिवालय के बाहर कर्मचारियों ने रोहतक पीजीआई के वीसी का पुतला फूंककर अपना रोष जताया। प्रदर्शनकारी और धरनारत कर्मचारियों में अभिषेक प्रधान, महेश महासचिव, सुरेंद्र, संजय, अनुज, संदीप, सुमित्रा, ईश्वंती, अमित, निशा, सीमा, सुनीता, अनिता, अंजू, सुमन, सुनीता, मनीष तथा किसान नेता गुरजंट सिंह खालसा शामिल रहे। प्रधान अभिषेक ने कहा कि 9 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय समक्ष हाथों पर बेड़ियां डालकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करेंगे। प्रधान अभिषेक ने कहा कि रोहतक पीजीआई के 1271 अनुबंध कर्मचारी जून से हड़ताल पर हैं। दो महीने करनाल में भी जिला सचिवालय के सामने धरना दिया गया। अब कुरुक्षेत्र में सीएम सिटी में धरनारत है। केवल झूठे आश्वासन हीं अधिकारियों से मिले हैं।

### हलके के विकास कार्यों को मिल रही गति : शर्मा

**पिहोवा।** भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने ग्रामीण क्षेत्र में पूरी हुई विकासकारी परियोजनाओं को जन समर्पित किया। इस दौरान डीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हलके के विकास कार्यों को तेज गति मिली रही है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। डीडी शर्मा में भटेड़ी की महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में 35 लाख की लागत से ट्यूबवेल और पाइपलाइन के कार्य, गांव जलबेहड़ा में 59 लाख की लागत से ट्यूबवेल एवं पाइपलाइन कार्य, मांडी गांव में सात लाख की लागत से ट्यूबवेल, संधौली में 11 लाख की लागत से निर्मित सड़क का उद्घाटन किया। जय भगवान शर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचें। इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या दूर होगी। लाडो लक्ष्मी योजना के विस्तार की जानकारी देते हुए जय भगवान शर्मा ने कहा कि सरकार ने इस योजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। जिसके तहत ऐसे परिवारों के बच्चे जो सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। वे 10वीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लेकर आते है, ऐसी माताओं को भी अब 2100 रुपये प्रति माह का लाभ मिलेगा। साथ ही जिन परिवारों की सालाना आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, ऐसे परिवारों के बच्चे भारत सरकार के निपुण मिशन के तहत कक्षा- 1 से 4 तक ग्रेड लेवल प्रोफिशिएंसी प्राप्त करते हैं, तो ऐसी माताओं को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

**परोपकार के साथ नववर्ष का आग़ाज़ : महोत्सव की तैयारियां तेज**

# 'अपना आशियाना' में गूंजे बाबा श्याम के जयकारे

- 12 दिवसीय फाल्गुन महोत्सव का रोडमैप तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल ने वर्ष 2026 के आगमन पर आडंबरपूर्ण पार्टियों को त्याग कर सेवा का मार्ग चुना। मंडल के सदस्यों ने शहर के 'अपना आशियाना' आश्रम में रह रहे निराश्रित और बुजुर्गों के साथ नववर्ष की खुशियां मनाईं। इस दौरान भक्ति संगीत के बीच मंडल के सदस्यों और आश्रम वासियों ने मिलकर नृत्य किया, जिससे माहौल खुशनुमा हो गया। इस अवसर पर मंडल द्वारा आश्रम में रात्रि भोज का आयोजन भी किया गया।

### पार्षद का जन्मदिन मनाया

इसी कार्यक्रम के बीच भाजपा के मनोनीत पार्षद गौरव नागपाल का जन्मदिन भी आश्रम वासियों के बीच केक काटकर मनाया गया। गौरव नागपाल ने इस मौके पर कहा कि अपनों से दूर इन बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही उनके जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार है। मंडल के वरिष्ठ सदस्य मोहन लोधी, पंकिल गोयल और सचिन गुप्ता ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जब हम समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के साथ खुशियां बांटते हैं, तो वह आनंद कई गुना बढ़ जाता है। मंडल के प्रवक्ता राजीव जैन ने आगामी धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 18 फरवरी से 1 मार्च तक पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में भव्य 'श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा।

12 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन विशाल भंडारा आयोजित होगा और देशभर के प्रख्यात भजन गायक बाबा श्याम का गुणगान करने करनाल पहुंचेंगे।

### घर-घर दिया जा रहा निमंत्रण

*महोत्सव की भव्यता को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। मंदिर को विशेष लाइटिंग और फूलों से सजाया जाएगा। मंडल के सदस्य अजय सैनी, संदीप गुप्ता और सोमपाल की टोली ने शहरवासियों को आमंत्रित करने के लिए घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र बांटने का कार्य शुरू कर दिया है। इस दौरान मंडल के अन्य सदस्यों ने भी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।*

## खबर संक्षेप

### चाकू मारकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने राज नगर में मामूली कहासुनी के बाद अपने भांजे 18 वर्षीय ओसीन की गर्दन पर चाकू मारकर हत्या करने के फरार आरोपी मामा बिहार के चंपारण जिले के चैनपुर ढाका निवासी अफसर अंसारी को गिरफ्तार किया। थानेदार सुमित सरोहा ने बताया कि ओसीन की हत्या के आरोप में थाना माडल टाउन की आठ मरला चौकी में गुलनाज खातून पत्नी नसीम अंसारी निवासी चैनपुर ढाका पूर्वी चंपारण बिहार की शिकायत पर केस दर्ज है। आरोपी ने गत वर्ष 18 अक्तूबर की देर रात के ओसीन की हत्या की थी।

### शिक्षामंत्री के जन्मदिन पर पार्षद ने खीर बांटी

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के जन्मदिन पर वार्ड नंबर 6 के भोला चौक पर 51 किलो दूध की खीर वितरित की गई। वार्ड नंबर 6 की पार्षद कोमल पांचाल ने अपने पति तरुण ताववडा, भाजपा नेता मा. विनोद सेन, मोहर सिंह सैनी, प्रमोद कश्यप, भूपेंद्र बालयान, राजेश भाटी व तेजपाल प्रजापति आदि ने राहगिरों को खीर बांटकर मंत्री महीपाल ढांडा का जन्मदिन मनाया।

### पीएनबी के रिटायर्स कर्मचारियों की बैठक

**पानीपत।** पंजाब नेशनल बैंक के रिटायर अधिकारियों व कर्मचारियों ने बैठक की। बैठक में अनुज वर्मा, जीएल कुकरेजा, नवनीत बंसल, अशोक खुंगर आदि ने भाग लिया। बैठक में एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर गाना बजाना हुआ और सभी ने साथ बैठक कर प्रसाद ग्रहण किया।

### ऋण नियमों में मनमानी का लगाया आरोप

**समालखा।** आरटीआई कार्यकर्ता समालखा निवासी रोहित लाहोट ने बताया कि देश में बैंक और एनबीएफसी कंपनियां कानून और संविधान की धज्जियां खुलेआम उड़ा रहे हैं, जोकि चार पांच लाख के लोन की किसी वजह से आम आदमी अदायगी नहीं कर पाता तो बैंक और एनबीएफसी कम्पनियां लोगों को सरफेसी एक्ट 2002 का हवाला देकर कानूनी कारवाई करते हुए प्रसाशनिक अधिकारियों को गुमराह कर लोगों की सम्पतियों को जब्त कर लेते हैं जोकि सर्फेसी एक्ट 2002 और आरबीआई के नियमों के खिलाफ हैं।

### भाकपा नेता को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक के स्वतंत्रता सेनानी का. टीकाराम सखुन हाल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व महासचिव, आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के वर्षों तक महासचिव रहे कामरेड एबी बर्धन को उनकी दसवीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सीपीआई के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप, का. पवन सैनी, भूपेंद्र कश्यप, ओम प्रकाश, सतीश यादव, नईम खान, सुनील कुमार, कुंती देवी, अनिकेत आदि उपस्थित रहे।

### मॉडल संस्कृति स्कूल का एनएसएस कैंप शुरू

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव राजाखेड़ी में प्रधानाचार्या सुमित्रा सांगवान के नेतृत्व में सात दिवसीय एनएसएस स्पेशल कैंप के दूसरे दिन बच्चों को कर्मवीर सिंह प्राध्यापक अंग्रेजी ने नई शिक्षा नीति के बारे में और संस्कारों के बारे में बताया। वहीं, कैंप में एनएसएस प्रभारी संजीव कुमार शास्त्री प्राध्यापक संस्कृत, नवीन मुंडाल, प्रमोद कुमार, कर्मवीर सिंह, शशि कपूर, दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार, अविनाश चौधरी, महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### हादसे से ट्रैफिक बाधित होने से हुई परेशानी

**पानीपत।** पानीपत-रोहतक हाइवे पर गांव नौल्था के मुख्य चौराहे पर ओम एग्रीकल्चर भट्ठा कंपनी का ईंटों से भरा एक ट्रैक्टर ट्राली कथित रूप से कार को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकराकर पलट गया। घटना में ईंटें सडक पर बिखर गई, इस घटना के कारण सडक पर यातायात के हालात बने रहे। पुलिस ने बाद में क्रेन को घटनास्थल पर बुलवा कर ईंटों को हटवा कर जहां यातायात सुचारू करवाया, वहीं इस केस की जांच शुरू कर दी है।

## पर्यावरण जितना अधिक सुंदर होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी : ढांडा

# ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने मंत्री और विधायक को भेंट किए हर्बल पौधे

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार के जन्मदिन पर हुआ कार्यक्रम



पानीपत। ग्रीनमैन प्रो.दलजीत, शिक्षा मंत्री के परिजनों को हर्बल पौधे भेंट करते हुए।

**कार्य को सराहा**

- प्रो.दलजीत ने मंत्रियों महीपाल व पंवार को प्रतीक स्वरूप पेन और हर्बल पौधों की टोकरी सप्रेम भेंट की
- शिक्षा मंत्री ने ग्रीनमैन प्रो. दलजीत के कार्य को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपने पर्यावरण संरक्षण अभियान ग्रीन पानीपत–ग्रीन हरियाणा–ग्रीन भारत के तहत हरियाणा के हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्रियों के जन्मदिन को हरियाली और सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए समारोहों में आए नागरिकों को हर्बल पौधे बांटे।

प्रो.दलजीत ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के जन्मदिन पर उनके निवास स्थान एल्डिको पानीपत तथा हरियाणा के पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार के जन्मदिन पर उनके निवास स्थान मतलौडा में हर्बल पौधों का लंगर लगाया गया। प्रो.दलजीत ने मंत्रियों महीपाल व पंवार को प्रतीक स्वरूप पेन और हर्बल पौधों की टोकरी सप्रेम भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान कुल हजारों कपूर तुलसी के पौधे वितरित किए गए, जिन्हें गणमान्य लोगों ने उत्साह और जागरूकता के साथ ग्रहण किया। वहीं, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसर को पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहितकारी कार्य से जोड़ना एक सराहनीय और अनुकरणीय पहल है।

### पर्यावरण सुरक्षा की पहल को बताया सराहनीय

शिक्षामंत्री ने कहा, ग्रीनमैन प्रो. दलजीत का यह प्रयास समाज में हरियाली के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करता है और आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा देता है। इसके लिए प्रो.दलजीत की जितनी सरहाना की जाए कम है। वहीं, हर्बल पौधा वितरण में सुनील कपूर नौल्था, संदीप कल्याणी, विजेंद्र मलिक, धर्मवीर सिंह, इको क्लब के विद्यार्थियों ने सहयोग दिया।



पानीपत। ग्रीनमैन प्रो.दलजीत विधायक प्रमोद विज को हर्बल पौधे भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# एसडी इंटरनेशनल स्कूल में नव वर्ष पर यज्ञ किया



पानीपत। एसडी इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व टीचिंग स्टाफ आदि। फोटो : हरिभूमि

- सभी को नव वर्ष पर मिल जुल कर सद्भावना के साथ जीवन यापन करने की शुरूआत करनी चाहिए : पवन गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर छह स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन गर्ग, श्रवण मित्तल, रामलाल सिंगला, अशोक गुप्ता, नरेश सिंगला, सुरेंद्र जिंदल के साथ विद्यालय की प्राचार्या रुचि शर्मा व समस्त शिक्षकों व गैर टीचिंग स्टाफ ने हवन कर नव वर्ष का स्वागत किया। सभी ने स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों के सुख समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना परमात्मा से की। इधर, पवन गर्ग ने कहा कि सभी को नव वर्ष पर मिल जुल कर सद्भावना के साथ जीवन यापन करने की शुरूआत करनी चाहिए, समर्थ के अनुसार जरूरतमंदों को दान पुण्य करना चाहिए। पशु, पक्षियों, जलीय जीवों को भोजन, दाना, पानी देना चाहिए। अपने अंदर से नकारात्मकता को खत्म कर सकारात्मक सोच को प्रबल करते हुए दूसरों के साथ अच्छा आचरण करना चाहिए। बडों को सम्मान व छोटों का स्नेह करना चाहिए।

### मनाना गांव की महिला सरपंच को नोटिस जारी

समालखा। पानीपत के गांव मानना की सरपंच रेखा देवी को विकास कार्यों और पंचायत भूमि को पट्टे पर देने में पाई गई गड़बड़ी के चलते जिला उपायुक्त कार्यालय की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह कार्रवाई खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) समालखा द्वारा की गई जांच के आधार पर की गई है, जिसमें सरपंच को दोषी पाया गया है। वहीं, सरपंच रेखा पर हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के तहत कार्रवाई की जाएगी। मनाना सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा तंग कर रूपयों की मांग की जा रही है, नहीं देने पर रेखा के विरूद्ध झूठी शिकायत दी गई है।

# एग्रीस्टैक से किसानों की डिजिटल पहचान बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया बताया कि भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में सुधार और किसानों को डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एग्रीस्टैक पोर्टल की शुरुआत की गई है।

इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य कृषि से संबंधित डेटा का एकीकृत प्रबंधन करना है, ताकि किसानों को समय पर आधुनिक तकनीकी सेवाएं जैसे फसल निगरानी, उर्वरक प्रबंधन, कृषि बीमा, ऋण वितरण और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। डॉ दहिया ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से किसान आसानी से विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं तक पहुंच बना सकेंगे, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता और आय में वृद्धि होगी। यह पहल कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देगी, क्योंकि किसान बिना किसी मध्यस्थ के सीधे योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इधर, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ आत्मा राम गोदारा ने बताया कि जिले में अब तक हजारों किसानों की किसान आईडी बनाई जा चुकी है। उन्होंने किसानों से एग्रीस्टैक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने की अपील की।

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन निकाला

- हजारों श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन का फूलों से स्वागत किया, गतका पार्टी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। नगर कीर्तन में पालकी के आगे सफाई करती संगत।



पानीपत। पानीपत में आयोजित नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारे।

पानीपत की बरसत रोड, नूरवाला स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर वार्षिक अलौकिक नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।

जिसमें शहर की प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा से शुरू होकर नूरवाला, जसबीर कालोनी, इन्दिरा विहार कालोनी, बरसत रोड के प्रमुख मार्गो से होते हुए गुरुद्वारा में ही सम्पन्न हुआ। वहीं इस दौरान नगर कीर्तन का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया तथा संगत के लिए प्रसाद के स्टाल लगाए गए। श्री गुरुग्रन्थ साहिब की छत्रछाया में निकाले गए इस नगर कीर्तन की अगुवाई पांच प्यारों ने की। संगत ने पालिका के आगे झाड़ू से सफाई की।

वहीं नगर कीर्तन में एवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों व गतका पार्टी द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बाबा ग्रंथी रघबीर सिंह, स.खडक्र सिंह, स.विक्की चठ्ठा, त्रिलोचन सिंह, स.मंजीत सिंह चीमा, स.हरदीप सिंह, स.बलविंद्र सिंह, हैप्पी चावला, स्त्री सुखमणी साहिब की प्रधान बलजीत कौर, प्रीती, स. अर्जुन सिंह, स.दर्शन सिंह, स.जयमल सिंह, स.परविन्द्र सिंह, स.महेंद्र सिंह, स.पम्मा सिंह, स.राजा सिंह, विजय मेहता, हरकिरत कौर, अनुमीत कौर, प्रभनूर कौर, अशप्रीत कौर, नवजोत कौर, सुखदीप, गुरलीन कौर, स.सोनू सिंह व शैली आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। श्रुति जागलान जीते गए गोल्ड मेडल दिखाते हुए।

# पानीपत की बेटी श्रुति जागलान ने शूटिंग में जीते तीन गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित हुई 68 वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप कंपीटिशन रायफल इवेंट्स के सीनियर, जूनियर व सिविलियन में गांव इसराना की बेटी श्रुति जागलान ने तीन गोल्ड मेडल जीत कर अपना, गांव इसराना पानीपत और हरियाणा का नाम देश भर में रोशन किया है। स्मरणीय है कि श्रुति जागलान के पिता सुक्रमपाल जागलान अंतरराष्ट्रीय पहलवान व दादा राज सिंह आर्य शॉर्टपुट में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। पाइट समालखा में बीए की पढ़ाई कर रही गोल्ड मेडलिस्ट श्रुति जागलान को अपने पिता व दादा से खेलों में जाने की प्रेरणा मिली। वहीं श्रुति का सपना अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए गोल्ड जीतना है।

# सीएमओ से भेजी जाने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेगा पानीपत प्रशासन

- मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से पानीपत के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। सचिवालय में बैठक करते हुए प्रशासनिक अधिकारी।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। वे, शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वीसी के माध्यम से शिकायतों की समीक्षा की।

इधर, सीएम सैनी की समीक्षा के बाद डीसी डॉ वीरेंद्र ने बैठक के दौरान प्राप्त शिकायतों की विभागों के अनुसार समीक्षा करते हुए कह कि शिकायतें के समाधान उपरांत एटीआर शीघ्र भेजी जाए। बैठक में एडीसी डॉ पंकज यादव, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार का महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा।

# ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप



पानीपत में वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाते हुए पुलिस टीम।

**पानीपत।** पानीपत जिला यातायात पुलिस धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में यातायात थाना प्रभारी अनिल की टीम ने शुक्रवार को जीटी रोड टोल प्लाजा पर वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया। वहीं, थानेदार अनिल ने बताया कि आने वाले दिनों में मौसम में कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम होगी। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी।

### कारपेट फैक्ट्री में आग लगी

**पानीपत।** पानीपत की सैनी कॉलोनी में स्थित कारपेट फैक्ट्री में शुक्रवार को आग लग गई। वहीं हवा बहने के चलते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आग को फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां की मदद से काबू किया गया। इधर, आग लगने के कारणों का पता चल पाया। वहीं, आग में कारपेट, मशीनें और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गई।

### किशोरी लापता होने की दी शिकायत

**पानीपत।** पानीपत के चांदनी बाग थाना क्षेत्र के गंगापुरी रोड इलाके से 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों ने विशाल नाम युवक पर लड़की को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं पीड़ित परिवार बाराबंकी, उत्तर प्रदेश का निवासी है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**प्रेम ग्रोवर पुत्र श्री तारा चंद ग्रोवर निवासी मकान नम्बर 296-आर, शिवाजी स्टेडियम के पास, मॉडल टाउन, पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रेम ग्रोवर पुत्र श्री तारा चंद ग्रोवर निवासी मकान नम्बर 296-आर, शिवाजी स्टेडियम के पास, मॉडल टाउन, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्रीमति राज कुमारी ग्रोवर धर्मपत्नी श्री तारा चंद ग्रोवर पुत्र श्री ठाकर दास का देहान्त दिनांक 30-12-2019 को हो चुका है। इनकी मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। हल्का पटवारी तथा तरूण गांधी, नगर निगम पार्षद वार्ड 20 पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोंट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

1. अशोक कुमार (पुत्र) 2. प्रेम कुमार (पुत्र) 3. विनोद कुमार (पुत्र) कुल (03) जायज वारिस हैं। इनके अलावा मृतक स्व० श्रीमति राज कुमारी ग्रोवर का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 01.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## आर्य कॉलेज में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

# निरोगी काया के लिए स्वच्छता जरूरी : प्रो.गुप्ता

- मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिस पर खुलकर चर्चा करना आवश्यक : डॉ. मनीषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ विद्यार्थी।

विद्यार्थियों को स्वच्छता व स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राइट साइड स्टोरी कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान व्हिस्पर कंपनी एवं प्रॉक्टर एंड गैंबल (पीएंडजी) के सहयोग से संचालित किया गया। वहीं, कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड तथा छात्रों को शेविंग रेजर वितरित किए गए। कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने कंपनी के प्रतिनिधियों का कॉलेज परिसर में पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए एनएसएस अधिकारी प्राध्यापिका आस्था गुप्ता, डॉ. मनीषा एवं संयोजक प्राध्यापक पंकज चौधरी को बधाई दी। इधर, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरावस्था में स्वच्छता से जुड़ी आवश्यकताओं को समझाना, मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को वितरित किए गए सैनिटरी पैड न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, बल्कि मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों और झिझक को दूर करने में भी सहायक होंगे। इधर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्राध्यापिका आस्था गुप्ता एवं डॉ. मनीषा ने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिस पर खुलकर चर्चा करना आवश्यक है। सही स्वच्छता अपनाकर अनेक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। जबकि पंकज चौधरी ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना है। इस अवसर पर प्रो. आस्था गुप्ता, डॉ. मनीषा, डॉ. रजनी शर्मा, प्रो. पंकज चौधरी, राजा तोमर सहित अन्य कॉलेज स्टाफ एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

